दिनांक:- 30-10-2021

बी.एड. (ODL) सत्र 2021-23 काउंसलिग हेतु सूचना

बी.एड. (ODL) सत्र 2021-23 में प्रवेश हेतु ऑनलाईन माध्यम से आमंत्रित आवेदन पत्रों के आधार पर आवेदनकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि वे निम्नलिखित प्रमाण पत्रों की मूल प्रति व एक सेट उनकी स्व- प्रमाणित छायाप्रति के साथ दिनांक 15,16,17,18/11/2021 तथा 20/11/2021 (तिथिवार दी गई सूची के अनुसार) को प्रात: 10:30 बजे **उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर, तीन पानी बाई पास रोड , नियर टांसपोर्ट नगर , हल्द्वानी**, उत्तराखण्ड में उपस्थित होंगे। काउंसलिंग के समय सम्बंधित आवश्यक प्रमाण पत्रों को प्रस्तुत ना करने की दशा में ऐसे अभ्यर्थी को यदि प्रवेश नहीं मिलता है तो इसके जिम्मेदार वे स्वयं होंगे । यदि कोई अभ्यर्थी किसी श्रेणी से सम्बन्ध रखता है तो वह सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत उपयुक्त प्रमाण पत्र के साथ काउंसलिंग के समय उपस्थित हो । **अभ्यर्थियों को तिथिवार दी गयी सूची के अनुसार ही काउंसलिंग के लिए उपस्थित होना है ।**

काउंसलिंग के समय निम्नलिखित प्रमाण पत्रों / प्रपत्रों के साथ उपस्थित होना आवश्यक है -

1. दो पासपोर्ट साईज फोटो ।
2. हाई स्कूल से लेकर स्नातकोत्तर तक के सभी अंक पत्रों व उपाधि प्रमाण पत्रों की मूल प्रति व उनकी **स्व- प्रमाणित छायाप्रति ।**
3. NCTE द्वारा मान्यता प्राप्त नियमित रीति (फेस- टू -फेस) से अध्यापक शिक्षा के पाठ्यक्रम का मूल अंक पत्र व उपाधि प्रमाण पत्र व उनकी स्व- प्रमाणित छायाप्रति और जिस संस्थान से उन्होंने पाठ्यक्रम पूर्ण किया है उस सम्बंधित संस्थान से उक्त कार्यक्रम को चलाने हेतु NCTE द्वारा निर्गत किए गए Recognition letter की छायाप्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य है ।
4. निर्धारित फार्मेट में सम्बंधित विद्यालय / विभाग से सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत अनापत्ति प्रमाण पत्र (No Objection Certificate- NOC) । NOC का प्रारूप संलग्न है ।
5. किसी श्रेणी से सम्बंधित होने की दशा में सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत उपयुक्त मूल प्रमाण पत्र व उसकी छायाप्रति ।
6. काउंसलिंग के दिन प्रवेश की पुष्टि हो जाने की स्थिति में प्रवेश आवेदन पत्र के साथ रु० 5650/- की धनराशि (प्रथम सेमेस्टर के प्रवेश शुल्क के रूप में) को बैंक चालान के माध्यम से या Debit Card के माध्यम से विश्वविद्यालय कोष में जमा करना सुनिश्चित करें।

काउंसलिंग के लिए बुलाए जाने का अर्थ यह नहीं है कि अभ्यर्थी बी0एड0 (ODL) में प्रवेश सम्बन्धी पात्रता को पूर्ण करता है । अभ्यर्थी द्वारा प्रवेश परामर्श के समय प्रवेश पात्रता सम्बन्धी अपेक्षित मूल प्रमाण पत्रों एवं उनकी प्रतियाँ तथा कार्यक्रम शुल्क जमा करने के उपरान्त ही प्रवेश पूर्ण समझा जाएगा।

काउंसलिंग संबंधी किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए आप संपर्क कर सकते हैं :-

- Dr. Mamta Kumari, 9997457463, mtamta@uou.ac.in
- Dr. Digar Singh Farswan, 9897262526, dsfarswan@uou.ac.in

नोट :- काउंसलिग हेतु रिपोर्टिंग का समय अपराह्न 02.00 बजे तक ।

30.10.21

निदेशक
शिक्षाशास्त्र विद्याशाखा

30-10-2021

समन्वयक
बी.एड. कार्यक्रम

Scanned with CamScanner